भारत सरकार

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3334

दिनांक 24 **मार्च**, 2021

राजस्थान में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना

3334. **श्री नीरज डांगी** :

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क): राजस्थान में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना (पीएमयूवाई) के अंतर्गत जिले-वार कितने-कितने लाभार्थी शामिल किए गए हैं;

(ख): क्या सरकार राज्यों में पीएमयूवाई के लाभार्थियों को रिफिलिंग सिलेंडर प्रदान कर रही है;

(ग): यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और 'रिफिल्ड सिलेंडर' कितने रुपये में उपलब्ध है; और

(घ): यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री

(**श्री धर्मेन्द्र प्रधान**)

(क) दिनांक 01.03.2021 की स्थिति के अनुसार, राजस्थान राज्य में 63.60 लाख प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) लाभार्थी हैं। जिला-वार ब्यौरे **अनुलग्नक** में दिए गए हैं।

(ख) से (घ): जी हां। दिनांक 01.03.2021 से राजस्थान राज्य के जयपुर बाजार में एलपीजी उपभोक्ताओं को 14.2 कि.ग्रा. सिलिंडर भराई की प्रभावी लागत 823 रुपए है।

अनुलग्नक

'राजस्थान में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना'' के संबंध में श्री नीरज डांगी द्वारा दिनांक 24.03.2021 **को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं**. 3334 **के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

जिला	पीएमयूवाई लाभार्थी (लाख में)
अजमेर	1.60
अलवर	3.09
बांसवाड़ा	2.04
बरन	1.50
बाड़मेर	3.32
भरतपुर	2.40
भीलवाड़ा	2.71
बीकानेर	2.29
बूंदी	1.26
चितौड़गढ़	1.87
चूरू	1.93
दौसा	2.16
धौलपुर	1.52
डूंगरपुर	1.82
गंगानगर	1.70
हनुमानगढ़	1.25
जयपुर	3.13
जैसलमेर	1.05
जालोर	1.89
झालावाड़	1.84
झुंझुनूं	1.46
जोधपुर	2.85
करौली	1.44
कोटा	0.90
नागौर	2.94
पाली	1.75
प्रतापगढ़ (राजस्थान)	1.25
राजसमंद	1.45
सवाई माधोपुर	1.04
सीकर	1.86
सिरोही	1.17
टोंक	1.54
उदयपुर	3.58